vk/kqfud jsy fMCck dkj[kkuk] jk;cjsyh
izsl foKfIr

26.01.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 70वॉ गणतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माननीय महाप्रबंधक महोदय श्री सुनीत शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद रेलवे सुरक्षा बल के नेतृत्व में परेड का आयोजन किया गया जिसमें रेलवे सुरक्षा बल के अतिरिक्त उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड, आरेडिका भारत स्काऊट गाइड, केन्द्रीय विद्यालय, कारखाना कर्मचारी व आरेडिका खेल–कूद संघ के प्लाटून भी शामिल हुए ।

इस अवसर पर माननीय महाप्रबंधक महोदय ने अपने अभिभाषण में कहा कि आ.रे.डि.का. के लिए वर्ष 2018 उपलब्धियों से भरा रहा है और आरेडिका नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है और पिछले वित्तीय वर्ष की भॉति इस वित्तीय वर्ष में भी आरेडिका अपनी उत्पादन दोगुना करेगा । महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने कहा कि 1422 कोच के निर्माण के लक्ष्य को हमलोग टीम एम.सी.एफ. के सहयोग, मेहनत व कर्तव्यनिष्ठा के बदौलत अवश्य हासिल करेंगे ।

साथ ही, महाप्रबंधक श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भविष्य की चुनौतियां, जिनमें मेट्रो कोच, एलुमिनियम कोच, सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रेन सेट, हाई स्पीड ट्रेन शामिल है, भी टीम एम.सी.एफ. के सहयोग व समर्पण से हासिल करेंगे ।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक ने आ.रे.डि.का., स्थित अस्पताल का भी गहन निरीक्षण किया और वहां पर मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया । इस अवसर पर अस्पताल में खून–जॉच से संबंधित मशीन का शुभारंभ श्री राम मिलन, वरिष्ठ कर्मचारी के द्वारा किया गया । इसके अतिरिक्त मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के एल.ई.डी. टेलीविजन लगाया गया ।

गणतंत्रता दिवसर के अवसर पर आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका के बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीत, समूह गान एवं केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किये गये।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनूप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री दीपांकर डे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री ए.के.पाण्डेय व अन्य मुख्य विभागाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

¼vkj-ih-'kekZ½
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी